हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 14 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 32 .0 डिग्री
न्यूनतम 14 .0 डिग्री

10 बाजार में छाई रौनक, लोगों ने जमकर खरीदा गुलाल



10 स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



## खबर संक्षेप

### ठेके पर हवाई फायर करने पर मामला दर्ज

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के किलाजफरगढ़ गांव में शराब के ठेके पर हवाई फायर करने के आरोप में पुलिस ने दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गतौली गांव निवासी रणधीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह किलाजफरगढ़ गांव में शराब के ठेके पर सेल्समैन के रूप में काम करता है। बीती रात वह शराब के ठेके में सो रहा था।

### क्रूजर गाड़ी चोरी मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** वाहन चोरों पर एसपी राजेश कालिया के आदेशानुसार गाड़ी चोरी करने के मामले की जांच सीआईए-1 प्रभारी एसआई पारस की अगुवाई में एएसआई सुभाष की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव जमालपुर शेखा जिला फतेहबाद निवासी मिठु को काबु किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रामगढ़ पांडवा निवासी सुमित की शिकायत अनुसार 3 मार्च को वह अपनी क्रूजर गाड़ी में भातियों को लेकर स्प्रिंग फील्ड होटल कैथल में पहुंचा था।

### वाल्मीकि आश्रम का कार्य किया जाएगा पूरा

**राजौंद।** कैथल रोड पर स्थित वाल्मीकि आश्रम में जय वाल्मीकी, जय भीम ट्रस्ट राजौंद की मीटिंग की गई मीटिंग का मुख्य उद्देश्य होली महापर्व को लेकर किया गया। इस दौरान ट्रस्ट के सभी साथी मौजूद रहे। इस दौरान समाज के गणमान्य व्यक्ति जिसमें दर्शन भगत,सुभाष, दर्शन मुनी राम सहित कई अन्य सदस्य मौजूद रहे। इस मीटिंग का मुख्य उद्देश्य भाईचारे के साथ होली महापर्व को मानने को लेकर चर्चा की गई।

### यातायात पुलिस ने विशेष योजना बनाई

# होली पर्व पर हुड़दंगियों पर पुलिस की रहेगी पैनी निगाह

## कर्मचारियों की टीमें लगातार शहर में विभिन्न जगहों पर कर रही गश्त

बुलेट से पटाखे बजाकर अन्य तरीके से सामाजिक माहौल को खराब करने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही



हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

होली पर्व को लेकर यातायात पुलिस ने विशेष योजना बनाई है। ऐसे में हुड़दंगबाजी करने पर कार्रवाई होगी। इसके तहत यातायात पुलिस ने शहर में हुड़दंगबाजी रोकने पर छह टीमें गठित की है, जो बुलेट सहित अन्य दोपहिया वाहन चालकों के पटाखे बजाने पर कार्रवाई करेगी। हर टीम में चार कर्मचारियों को शामिल किया गया है। ऐसे में 24 कर्मचारियों की ये टीमें लगातार शहर में विभिन्न जगहों पर घूम रही हैं। इसके अलावा राइडर और पीसीआर टीमों को भी तैनात किया गया है। यातायात थाना प्रभारी अनुसार सभी मुख्य चौक चौराहों पर लगाई जाएगी टीमें होली पर हुड़दंग रोकने के लिए पुलिस की ओर से कड़े इंतजाम किए गए हैं। एक ओर जहां ट्रैफिक पुलिस शहर में जगह-जगह नाके लगाकर चेकिंग कर रही है, वहीं भीड़-भाड़ वाले बाजारों, रिहायशी इलाकों और शिक्षण संस्थानों के बाहर भी पुलिस की टीमें गश्त कर रही हैं जिन स्थानों पर होलिका दहन होगा, वहां पर अभी से कर्मचारी तैनात कर दिए गए हैं। होलिका दहन से पूर्व महिलाएं पूजा-पाठ के लिए पहुंच रही हैं। ऐसे में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन चौकन्ना है। पूजा पाठ का कार्य होलिका दहन तक जारी रहेगा। शहर में देवीगढ़ रोड, शक्तिनगर, अमरगढ़ गामड़ी, अर्जुन नगर व बलराज नगर सहित अन्य स्थानों पर होलिका दहन को लेकर सुरक्षा के प्रबंध किए गए हैं।

### माहौल खराब करने वालों पर नजरः राणा

यातायात थाना प्रभारी राजकुमार राणा ने बताया कि पर्व को लेकर शहर में सुरक्षा बढ़ाई गई है। कर्मचारियों को चौक-चौराहों पर लगाकर वाहनों की जांच की जा रही है। बुलेट से पटाखे बजाकर व अन्य तरीके से सामाजिक माहौल को खराब करने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है। पुलिस ऐसे वाहनों के चालान कर रही है। उन्होंने बताया कि होली और फाग के दिन यह सुरक्षा व्यवस्था ज्यों की त्यों रहेगी।

# मुआना के दो युवक थाईलैंड से डिपोट होकर आए भारत

- किसी तरह जान बचा कर अपने घर सकुशल पहुंचे दोनों युवक
- खाने के लिए दिया जाता था घटिया भोजन और दी जाती थी यातनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सफीदों

सफीदों उपमंडल के सबसे बड़े गांव मुआना के दो युवक थाईलैंड से किसी तरह से जान बचाकर सकुशल अपने घर पर लौटे हैं। वे बड़े सपने लेकर गए थे कि वे विदेश जाकर अच्छा पैसा कमाकर परिवार को आगे बढ़ाएंगे लेकिन वहां जाकर उन्हे विभिन्न प्रकार की प्रताडन्नाओं का सामना करना पड़ा। किसी तरह से थाईलेंड के भारतीय दूतावास से संपर्क किया और दूतावास के सहयोग से वे किसी तरह से कंपनी के जाल से निकल कर डिपोट होकर भारत लौटे। घर गांव मुआना पहुंचे दोनों युवकों में अश्वनी 20 अगस्त 2024 को तथा कपिल सात जुलाई 2024 को थाईलेंड गए थे।

अश्वनी व कपिल ने बताया कि वे डीडीएल कंपनी थाईलैंड में नौकरी करने के लिए गए थे। उनका संपर्क टेलीग्राम के माध्यम से रंजीत कुमार निवासी मलेशिया से हुआ था। रंजीत ने उन्हे झांसा दिया कि वे यहां पर आ जाएं और उनको कंपनी में बढ़िया काम दिलवाया जाएगा। वे रंजीत के झांसे में आकर थाईलैंड पहुंच गए। जहां से उनको एजेंट म्यांमार ले गया और वहां की डीडीएल नामक कंपनी में नौकरी दिलवाई गई। उसके बाद पासपोर्ट जब्त कर लिया । उनको कहा गया कि कंपनी में उनको डाटा एंट्री ऑप्रेटर का काम करना होगा और उन्हे ट्रेनिंग देनी शुरू की गई। इस दौरान उनको पता चला कि यहां पर गैर कानूनी तरीके से लोगों के साथ ठगी का कार्य किया जाता है। जिस पर उन्होंने कहा कि उन्हें यह काम समझ में नही आया। उसके बाद उनको चैटिंग ऑप्रेटर लगाया गया। इस चैटिंग में लोगों को लिंक भेज कर उन्हें परचेज करने के लिए फंसाया जाता था। लोगों के पैसे तो कंपनी के पास आ जाते थे लेकिन उन्हें सामान उपलब्ध नही करवाया जाता था। उसके बाद वे सारा माजरा समझ गए और काम करने से मना कर दिया तो उनकी सैलरी रोक ली गई तथा उन पर जुर्माना लगाने की बौछार की दी गई।

### भारतीय दूतावास से संपर्क किया

अश्वनी व कपिल ने बताया कि वहां पर काम के बाद लोगों को कंपनी के द्वारा एक कैदी की तरह से बंद अंधेरे कमरे में रखा जाता है और अनेक प्रकार की यातनाएं दी जाती है। कंपनी के द्वारा छोटी-छोटी गलतियों के लिए भारी भरकम जुर्माने निर्धारित किए गए है और कर्मचारियों की पूरी सैलरी जुर्माना भरने में ही खत्म हो जाती है। उसके बाद जो व्यक्ति काम करने से मना करता है तो उससे लाखों रुपये की डिमांड की जाती है, जोकि कर्मचारी भर पाने में असक्षम होता है। उन्होंने बताया कि वहां पर कर्मचारियों को घटिया से घटिया स्तर का खाना दिया जाता है। खाने में उन्हें उबले हुए खीरे, उबले हुए हरे पत्ते, उबला हुए आलू व चावल दिए जाते थे। जो व्यक्ति काम करने से मना कर देता तो उसे पूरे दिन में एक बार ही खाना दिया जाता था। वहां पर जो भी लोग फंसे हुए हैं, उनका जीवन जानवरों से भी बदतर है। बताया कि वहां पर कंपनी ने एक अलग ही साम्राज्य स्थापित किया है और जो वहां पर एक बार फंस गया तो समझो कि उसका निकलना काफी मुश्किल है। उन दोनों ने किसी तरह से थाइलेंड स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क किया। भारतीय दूतावास के दखल के बाद थाइलेंड की सेना वहां पर पहुंची और उन्हे अन्य लोगों के साथ वहां से बाहर निकाला और भारत डिपोट करवाया। दोनों का कहना है कि भगवान का लाख-लाख शुक्र है कि वे घरों को लौट आए हैं और वहां का मंजर याद करके वे सिहर जाते हैं।

### 15 लाख रुपये हड़पे, दो नामजद

**जींद।** विदेश भेजने का झांसा दे फर्जी वीजा देकर 15 लाख रुपये हड़पने पर सदर थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। गांव अहिरका निवासी अमन तथा निशा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह विदेश जाने के इच्छुक थे। जिसके चलते उनका संपर्क पिंजौर निवासी जसप्रीत, गुरवंत कौर तथा विजयपाल सिंह से हुआ। जिन्होंने बताया कि वे विदेश भेजने का काम करते हैं। आरोपितों ने उन्हें विदेश भेजने के लिए 15 लाख रुपये की डिमांड की। दस दिसंबर 2024 तक आरोपितों को यूपीआई से तथा नकद राशि दे दी गई। आरोपितों ने उनके दस्तावेज ले लिए, जिसके बाद आरोपितों ने उनके वीजा भेज दिए।

# अवैध निर्माण पर चलाया पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने वीरवार को करनाल रोड पर छोटू राम चौक के निकट बन रही दुकान को जेसीबी मशीन से गिरा दिया। यह जमीन काफी समय से खाली पड़ी थी। विभाग अनुसार यह दुकान विभाग की ग्रीन बेल्ट की जमीन पर बनाई जा रही थी। नियमों को दरकिनार कर दुकानदार इसका निर्माण कर रहा था। इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग ने दुकान को गिराया है। प्राधिकरण के जेई रामपाल ने बताया कि विभाग की टीम दोपहर के समय जेसीबी लेकर मौके पर पहुंची और दुकान को हटाया। हालांकि दुकानदार ने कहा कि अगर यह ग्रीन बेल्ट की जगह है तो केवल उसकी दुकान पर ही कार्रवाई क्यों की जा रही है।



**कैथल।** छोटू राम चौक पर दुकानों को गिराती जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

# चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय बना विजेता

- अखिल भारतीय अंतर विवि कबड्डी महिला प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज. जींद

अखिल भारतीय अंतर विवि कबड्डी महिला प्रतियोगिता का हुआ समापन प्रतियोगिता के अंतिम दिन गुरूवार को चार टीमों के मध्य लीग मैच खेले गए। लीग मैच के आधार पर उनके प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान का निर्धारण किया गया। पहले स्थान पर चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय इस प्रतियोगिता में रहा जबकि दूसरे स्थान पर चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, भगत फूल सिंह विश्वविद्यालय व महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। सुबह के मुख्यअतिथि रामानंद सहमंत्री खेड़ा भारती व प्रधान वॉलीबॉल संगठन राजस्थान रहे। प्रतियोगिता का पहला मैच एमडी यूनिवर्सिटी रोहतक व सीडीएलयू सिरसा के मध्य रहा और दूसरा मैच चौधरी रणबीर सिंह व भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के मध्य खेला गया। अवसर पर डा. कश्मीर सिंह ढिल्लो ने बताया कि खिलाड़ियों को अपने लक्ष्य का निर्धारण करना चाहिए। लक्ष्य के निर्धारण के पश्चात ही खिलाड़ी कोई उपलब्धि प्राप्त कर सकता है, नियमित अभ्यास करना चाहिए। ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए, गुरुजनों का आदर करना चाहिए। अनुशासन में रहना चाहिए, तभी जाकर के वह एक अच्छा खिलाड़ी बन सकता है। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। इस मोके पर केशव, डा. प्रवीण कुमार, अतुल सहारा, संदीप, संदीप ग्राउंडमैन, बलजीत, अभिषेक, अनिल कुमारी आदि मौजूद रहे।



**जींद।** विजेता टीम को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### ग्रामीण क्षेत्र में कच्चे व जर्जर मकानों का नए सिरे से सर्वे शुरू

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में जिला के ग्रामीण क्षेत्र में कच्चे व जर्जर मकानों का नया सर्वे गत एक मार्च से शुरू कर दिया गया है जो 31 मार्च 2025 तक चलेगा। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल कुमार दून ने बताया कि इस सर्वे का उद्देश्य चालू वित्त वर्ष से आगामी 2028-29 तक पात्र परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध करवाना है। जिला परिषद के सीईओ अनिल कुमार दुहन ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एक विकसित योजना को संचालित किया जा रहा है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार इस योजना को जिला में प्रत्येक योग्य लाभार्थी तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। इस जिले में सर्वस्व आवास विभाग हरियाणा पंचकूला के आदेशानुसार जींद जिले के ग्रामीण क्षेत्र में कच्चे व जर्जर मकानों का नया सर्वे गत एक मार्च 2025 से शुरू कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त ऐसे परिवार जिनका वर्ष 2018 मे हुए सर्वे के दौरान पंजीकरण नहीं हुआ था और जो परिवार इस स्कीम से अपात्र या छूट गए थे का भी पंजीकरण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस सर्वे के लिए सभी ग्राम पंचायतों में संबंधित ग्राम सचिवों को सर्वेयर के तौर पर नियुक्त किया है। अब कोई भी जरूरतमंद परिवार फोन या सीएससी से अपने घर का सर्वे कर आवास प्लस 2.0 एप 2024 पर अपलोड कर सकता है। इस संबंध में जिले के सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को भी निर्देश जारी किए गए हैं।






## खबर संक्षेप

### फुटबाल चैंपियनशिप के लिए टीम का चयन 16 को

जींद । हरियाणा फुटबाल एसो.द्वारा करवाई जाने वाली सीनियर वुमेन फुटबाल चैंपियनशिप के लिए जिला जींद की टीम बनाने हेतु रविवार 16 मार्च को अर्जुन स्टेडियम में सुबह 11 बजे से चयन प्रक्रिया शुरू होगी। जिला सचिव आनंद ईसो ने बताया कि अंडर-20 नेशनल फुटबाल चैंपियनशिप के लिए राज्य की टीम सिलेक्शन गुरुग्राम के आरबीएसएम स्कूल भौंडसी के ग्राउंड पर 19-20मार्च को सुबह 8 बजे से होगी।

### देशखेड़ा के मंदिर में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

जुलाना। जुलाना क्षेत्र के देशखेड़ा गांव के भगवती धाम में होली के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा कला परिषद हिसार मंडल के कलाकार नरेन सांगी की टीम ने सांस्कृतिक प्रस्तुती पेश की। कार्यक्रम में मंदिर के महंत भुपेंद्र ने कहा कि होली का त्यौहार भगत और भगवान के प्रेम को दर्शाता है।

### मानव जीवन है एक लंबी यात्रा

जींद। असमर्थ महिला कल्याण न्यास के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने कहा कि जब हमें कुछ दिनों के लिए घर से बाहर यात्रा पर जाना होता है तो इसके लिए हम कई दिन पहले ही उन सभी चीजों को इक_ी करने में लग जाते हैं। जो हमारे लिए घर से बाहर रहते समय सुविधाजनक होती है लेकिन आश्चर्य की बात है कि जन्म-जन्मों तक चलने वाली लंबी जीवन यात्रा को सुखों से व्यतीत करने के लिए ईश्वर भक्ति के सत पथ पर चलने के लिए बहुत ही कम लोग सोचते हैं।

### शराब ठेके से नकदी व दो मोबाइल चोरी, केस दर्ज

जींद। सफीदों के रेलवे स्टेशन रोड पर बीती रात चोरों ने शराब ठेके का ताला तोड़कर 13 हजार रुपये की नकदी, दो मोबाइल फोन व अन्य सामान को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने शराब ठेका सेल्जमैन की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर को दबोचा

जींद। सिविल लाइन थाना पुलिस की टीम ने चोरीशुदा बाइक सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान गांव अमरहेड़ी निवासी सुखदेव के रूप में हुई है।

सिविल लाइन थाना के जांच अधिकारी एएसआई सतीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव कैरखेड़ी निवासी सतबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 मार्च को वह अपने भाई रामफल से सैक्टर 7 से मिलने उनके घर पर आया था।

### राजकीय कालेज में 23 को एलुमनाई बैठक

सफीदों। राजकीय महाविद्यालय सफीदों में 23 मार्च को एलुमनाई मीटिंग का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्या डा. तनाशा हुडा ने बताया कि पूर्व छात्र ही महाविद्यालय की वास्तविक पूंजी हैं। पूर्व छात्रों एलुमनाई के बीच संबंध बनाए रखने और उन्हें वर्तमान पीढ़ी से जोडऩे के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इससे छात्र एवं महाविद्यालय के बीच संबंध और अधिक प्रगाढ़ होंगे।

### प्रेम की भावना से मनाएं होली का त्योहार : प्रीति

कैथल। डीसी प्रीति ने जिला के सभी नागरिकों के होली के त्योहार की बधाई दी। उन्होंने कहा कि होली रंगों का पर्व है, इसको आपसी भाईचारा और प्रेम की भावना के साथ मनाएं। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे होली खेलते समय इस बात का ध्यान रखें कि हमारी खुशी मनाने का सलीका अच्छा हो ताकि किसी ओर असुविधा न हो।

### गायत्री स्कूल में धूमधाम से मनाया होली महोत्सव

कैथल। गायत्री पब्लिक स्कूल प्रांगण में वीरवार को विद्यार्थियों ने होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली मनाई। बच्चों ने हर्बल रंगों से होली खेली। स्कूल की प्रधानाचार्या वनिता गुप्ता ने कहा कि होली का त्योहार सभी के जीवन में खुशियां लेकर आता है।

---

### जिलेभर में लोगों ने होलिका की पूजा अर्चना कर सुखद भविष्य की कामना की, आज मनाया जाएगा फॉग

# बाजार में छाई रौनक, लोगों ने जमकर खरीदा गुलाल

### एमरजेंसी वार्ड में शुक्रवार को सुबह, शाम और रात को चिकित्सकों की ड्यूटी का रोस्टर तैयार, पोस्टमार्टम के लिए डॉक्टर तैनात रहेगा

### पर्व को लेकर पुलिस अलर्ट, जगह-जगह नाकाबंदी सामाजिक संस्थाओं ने जगह-जगह आयोजित किए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलेभर में गुरूवार को रंगों का खेल होली पर्व धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने होलिका की पूजा अर्चना कर सुखद भविष्य की कामना की। बाजार में रौनक छाई रही। लोगों ने जमकर गुलाल खरीदा। बच्चे पिचकारी खरीदने में पीछे नहीं रहे। भ्रदा के साये के चलते देर रात को शहर में विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन किया गया और पटाखे फोड़े। वहीं शुक्रवार को फाग खेला जाएगा। लोगों की आपातकालीन सेवा के लिए नागरिक अस्पताल इमरजेंसी वार्ड में चिकित्सकों की डयूटी लगा दी गई है और होली पर्व पर लड़ाई व झगड़े, दुर्घटना या किसी भी तरह की अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है। वहीं इमरजेंसी वार्ड में हर प्रकार की जरूरी दवाएं रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। इमरजेंसी वार्ड में शुक्रवार को सुबह, शाम और रात को चिकित्सकों की ड्यूटी का रोस्टर तैयार किया गया है। पोस्टमार्टम के लिए अलग से एक चिकित्सक तैनात रहेगा। इसके अलावा ज्यादा इमरजेंसी होने पर पूरे अस्पताल के चिकित्सकों को भी बुलाया जा सकता है। पुलिस ने जगह-जगह नाकाबंदी कर दी है।



जींद। होली पर्व पर होलिका की पूजा करने आए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि





जींद। होली पर्व पर पूजा अर्चना करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### जयंती देवी मंदिर में कार्यक्रम

जयंती देवी मंदिर में होली पर्व को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया व फूलों से होली खेली। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने कहा कि हर त्यौहार का अपना एक रंग होता है, जिसे आनंद या उल्लास कहते हैं। होली को रंगों के त्यौहार के रूप में मनाते हैं। होली का त्यौहार भारत में फाल्गुन मास के पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इसमें एक और रंगों के माध्यम से संस्कृति के रंग में रंगकर सारी भिन्नताएं मिट जाती हैं और सब बस एक रंग के हो जाते हैं।

### उचाना में की होलिका की पूजा-अर्चना

होली का पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया। जगह-जगह होलिका बनाई गई। दोपहर से ही महिलाएं, बच्चे होलिका की पूजा करने के लिए जाने लगे। उचाना कलां में लाइन के पास, फायर बिग्रेड के पास बनाई गई होलिका पर पूजा करने वालों की पूरे दिन भीड़ रही। परिवार में सुख, समृद्धि की कामना के लिए पूजा अर्चना की गई। होली का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश भी देता है।

### हर्बल गुलाल की बढ़ी मांग

दुकानदार प्रदीप ने बताया कि इस बार लोगों ने सबसे ज्यादा हर्बल गुलाल खरीदा। हर्बल गुलाल लाल, हरे व पीले रंग में उपलब्ध था। बच्चों ने गुलाल व वाटर कलर के पाउच खरीदे। इसके अलावा इलेक्ट्रोनिक पिचकारी भी बच्चों की पहली पसंद रही। दुकानदारों ने बताया कि बच्चों ने स्पाइडर, माचिस, गन व फव्वारा पिचकारी ज्यादा पसंद की। देर शाम के बाद होली का दहन हुआ। शहर में कई जगहों पर होलिका दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इससे पहले भारी संख्या में महिलाओं ने होली की पूजा की तथा पानी चढ़ाया। इसके बाद महिलाओं ने होलिका की फेरी लगाई व कच्चा सूत बांध कर होलिका की परिक्रमा की। होलिका को आग लगाते ही लोगों ने प्रह्लाद जिंदाबाद के नारे लगाए। बुराई की प्रतीक होलिका धूं-धूंकर जल गई जबकि प्रह्लाद को श्रद्धालुओं ने सकुशल निकाल कर पानी में बहा दिया।

### बाजार में रही रौनक, बच्चों ने खरीदा रंग गुलाल

शहर के बाजार पटियाला चौक, पुरानी सब्जी मंडी, मेन बाजार, पालिका बाजार, तांगा चौक पर खासी रौनक देखने को मिली। महिलाओं, बच्चों व लोगों ने गुलाल की खरीददारी की। आलम यह था कि गलियों में छोटे बच्चे अपने मकानों की छत पर चढ़ कर आने-जाने वालों पर पानी उड़ेल रहे थे। पानी से भरे गुब्बारों की बरसात हो रही थी। दुकानों पर काम करने वाले कर्मचारियों ने भी एक-दूसरे को गुलाल लगा कर होली मनाई। पटेल नगर, सावित्री नगर, संत नगर, सैनी मोहल्ला, अपराही मोहल्ला, हनुमान नगर, अर्बन इस्टेट, डिफेंस कालोनी, सफीदों रोड, रोहतक रोड, भिवानी रोड, प्रेम नगर, आत्मा नगर में बच्चे गलियों में घूमते हुए नजर आए।



जींद। जयंती मंदिर में आयोजित होली महोत्सव के दौरान झूमती महिला श्रद्धालु।



जींद। जयंती देवी मंदिर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

---

# स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

- नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों की भर्ती व अल्ट्रासाउंड सुविधा की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी जिला कमेटी का प्रतिनिधि मंडल गुरूवार को कार्यवाहक सीएमओ डा. पालेराम कटारिया से मिला और स्वास्थ्य बहाली की मांग को लेकर स्वास्थ्य मंत्री आरती राव को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

पार्टी जिला सचिव कपूर सिंह, संदीप जाजवान ने कहा कि नागरिक अस्पताल में बड़ी संख्या में विशेषज्ञ डॉक्टरों व अन्य सहायक स्टाफ की भर्ती के पद खाली पड़े हैं। अस्पताल में अल्ट्रासाउंड करने के लिए कोई चिकित्सक नही है और न ही जांच व दवाइयों का प्रबंध है। इन समस्याओं को लेकर नागरिक अस्पताल पर पार्टी 17 मार्च को जन धरना देगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बीजेपी का राज आने के बाद सार्वजनिक स्वस्थ्य सेवाओं का सरकार द्वारा जानबूझकर बैठाया जा रहा है।



जींद। मांगों को लेकर कार्यवाहक सीएमओ को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। यज्ञ में आहूति डालते हुए। फोटो :हरिभूमि

### सुखद भविष्य की कामना

जींद। डीएवी स्कूल में होली के अवसर पर 51 कुंडीय हवन का आयोजन किया गया। इस यज्ञ का आयोजन आर्य समाज डीएवी पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में किया । जिसमें सीनियर सिटीजन तथा हिंदी प्रेरक संस्था और शिक्षा समिति उत्थान न्यास के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। निदेशक हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने रंग-बिरंगे रंगों का त्योहार होली कविता से माहौल को खुशनुमा बना दिया। वीरेंद्र राठौर एवं कवि जगदीश पांचाल ने रे बंदे तू संभल कर चल समय ना ठीक आया है व शान ऊंची होगी मेरी तेरी कुर्बानी से, वहीं कवयित्री रानी पांचाल ने सांवरिया के भजन व दोहों से रंगमंच पर शोभा बिखेर दी। अनेक अध्यापिकाओं ने होली पर प्यारे-प्यारे गीत सुनाए। डीएवी प्राचार्या रश्मी विद्यार्थी ने कहा कि होली हमारा पवित्र व रंगों से भरा त्यौहार है।

### लोग रंग और गुलाल से होली मनाएं

जींद। उचाना पुलिस चौकी में पुलिसकर्मियों ने गुलाल का तिलक लगाकर होली का त्योहार मनाया। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने लोगों से त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। चौकी प्रभारी राजबीर सिंह ने कहा कि लोग रंग और गुलाल से होली मनाएं। उन्होंने मौसम में बदलाव को देखते हुए पानी का कम प्रयोग करने की सलाह दी। ठंडे पानी से बीमारियां हो सकती हैंए इसलिए सावधानी बरतें। पुलिस प्रशासन ने चेतावनी दी है कि त्योहार के दौरान नशा करने या हुड़दंगबाजी करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए राइटर और पीसीआर की टीमें लगातार दो दिन तक शहर की सड़कों, चौराहों और आसपास के गांवों में गश्त करेंगी।

### किन्नरों ने नाच-गाकर मांगी होली की बधाई

सफीदों। किन्नरों ने नगर के बाजारों में नाच-गाकर दुकानदारों ने होली की बधाई मांगी। किन्नरों ने दुकानों पर पहुंचकर दुकानदारों को होली की बधाई दी और उनके काम-धंधे में बरकत की दुआ मांगी। इस मौके पर किन्नरों ने होली के गीतों पर जमकर ठुमके लगाए। किन्नरों का नेतृत्व गंगा महंत ने किया। अपने संबोधन में गंगा महंत ने कहा कि वे अपनी किन्नर साथियों के साथ सभी जगह जाकर लोगों को बधाई दे रहे हैं। साथ ही सभी अच्छे और स्वस्थ रहें, सब के कारोबार में तरक्की हो, इसके लिए वे दुआ भी कर रहे हैं। लोग भी उनकी हर त्यौहार पर राह देखते हैं तथा खुशी-खुशी अपनी नेक कमाई में दान के रूप में बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि होली का त्यौहार रंग व प्रेम का त्यौहार है। होली पर का पर्व स्नेह के आधार से जुड़ा है। होली रिश्तों में खटास और भेदभाव को भुलाने का पर्व है।



सफीदों। सुपर–100 में विजेता बच्चों के साथ प्राचार्य डा. योगेंद्रपाल सिंह व अन्य स्टाफ।

### सुपर-100 में पाया पहला स्थान

सफीदों । राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने सुपर-100 परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करते हुए जिले में पहला स्थान हासिल किया है। विद्यालय ने लगातार तीसरी बार यह उपलब्धि प्राप्त की है। इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं में हर्ष देव, देविका, वर्षा, रोहन, अमरजीत, सेजल व अरमान शामिल हैं। विद्यालय के प्राचार्य डा. योगेंद्रपाल ने कहा कि इन विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से यह सफलता अर्जित की है। उनकी यह सफलता पूरे सफीदों क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है और अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेगी। उन्होंने बताया कि विद्यालय की इस शानदार उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है, और यह सफलता स्कूल की उत्कृष्ट शिक्षण व्यवस्था को दर्शाती है।



सफीदों। सामुहिक सुंदरकाण्ड करती हुई महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

### सुंदरकांड का पाठ कर मनाई होली

सफीदों। सफीदों शहर स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर प्रांगण में होली के अवसर पर मातृशक्ति व विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वावधान में श्री सुंदरकाण्ड का पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित कार्यकत्र्ताओं ने फूलों की होली खेली तथा एक-दूसरे को होली की बधाई दी गई। इस अवसर पर कार्यकत्र्ताओं व महिलाओं ने सामुहिक संगीतमय सुंदरकाण्ड का पाठ किया। अपने संबोधन में विहिप जिला मंत्री प्रमोद गौतम ने कहा कि होली का पर्व बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। सबको मिलजुलकर इस पर्व का मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हनुमान जी इस कलियुग के जीवित देवता है। जिसने हनुमान जी की अराधना कर ली, उसका बेड़ापार हो जाता है।




तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 14 मार्च 2025

### प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण जरूरीः वीसी

**कैथल।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि के कुलपति प्रो. बलदेव राज कांबोज ने कहा कि सभी किसान फसल अवशेषों का सही से प्रबंधन करें। फसल अवशेष, अवशेष नहीं बल्कि किसान भाइयों के लिए विशेष है तथा फसल अवशेष प्रबंधन समय की मांग है। ऐसा करने से जहां किसान की आय बढ़ेगी, वहीं हमारा वातावरण भी शुद्ध रहेगा और जमीन की उर्वरा शक्ति मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हमें अपने प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना होगा, क्योंकि धरती मां (भूमि) इंसान को कभी भूखा मरने नहीं देती, लेकिन इसके लिए हमें अपने कर्म को ईमानदारी के साथ करना होगा। किसान को समय पर एवं सही तरीके से उन्नत किस्म के बीज बोने होंगे।

# खेतों से ट्यूबवेल-तार चुराने वाले चोर गिरोह का भंडाफोड़, तीन दबोचे, 57 वारदात सुलझी

## आरोपित कोर्ट के आदेश पर तीन दिन पुलिस रिमांड पर

*आरोपितों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त 2 गाड़ी, सबमर्सीबल मोटर का पंखा, सबमर्सीबल मोटर बाहर निकालने वाली चैन कुपी, 2 लोहा पाइप बैंड, 70 किलोग्राम रबड़ तांबा तार, 12 टूटे स्टार्टर, 5 छोटे सिलेंडर और अन्य कृषि लोहा सामान बरामद किया गया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पिछले दिनों में खेतों से तार व अन्य सामान चोरी की बढ़ रही वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए एसपी राजेश कालिया द्वारा दिए गए निदेशों पर खरा उतरते एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ पुलिस द्वारा उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए एक शातिर चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। पुलिस द्वारा गिरोह से जुड़े 3 आरोपी गिरफ्तार कर लिए गये, जिनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त 2 गाड़ी, सबमर्सिबल मोटर का पंखा, सबमर्सीबल मोटर बाहर निकालने वाली चैन कुपी, 2 लोहा पाईप बैंड, करीब 70 किलोग्राम रबड़ तांबा तार, 12 टुटे हुए स्टार्टर, 5 छोटे सिलेंडर व अन्य कृषि लोहा सामान बरामद किया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी से थाना पूंडरी, तितरम, सदर, कलायत व ढांड क्षेत्र अंतर्गत 57 चोरी की वारदाते सुलझाने में



सफलता हासिल की गई है। डीएसपी सुशील प्रकाश ने विस्तृत जानकारी देते बताया कि कैलरम निवासी संदीप की शिकायत अनुसार 9 मार्च की रात अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके खेत कोठा का ताला तोड़कर स्टार्टर, 150 फुट तार , मोटर का पंखा, कुड़का मशीन,व लोहे के पाइप चोरी कर लिए गए।

जिस बारे थाना कलायत में मामला दर्ज किया गया। डीएसपी ने कहा कि मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एचसी अनिल कुमार, एएसआई जय भगवान, एएसआई जसमेर सिंह, एसआई शुभकर्ण, एएसआई अशोक, एचसी ईश्म सिंह, एचसी लखविंद्र, एचसी संदीप, एचसी सुभाष, सिपाही कैलाश की टीम द्वारा 11 मार्च की शाम फरल निवासी आरोपी राजपाल व सोनु को खुराना रोड़ कैथल से काबू किया। दोनो आरोपियों का न्यायालय से 12 मार्च को 3 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया। डीएसपी ने बताया कि तीनों आरोपी सगे भाई है। आरोपियों ने पूछताछ दौरान कबूला कि आरोपी सोनू व राजपाल अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर वर्ष 2024 से ही चोरी की वारदाते करते है।

### आरोपी पहले कबाड़ी का काम करता था

आरोपी राजपाल पहले कबाड़ी का काम करता था। जो उसने अपने भाइयों से कहा कि किसानों के खेतों में कीमती सामान होता है। जिसे बेचने पर मुनाफा कमाया जा सकता है। जो तीनो उसके बाद खेतों से चोरी करने लगे। आरोपी राजपाल व सोनू दिन के समय खेतों की रेकी करते थे तथा रात को सभी आरोपी चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त 2 गाड़ी, सबमर्सीबल मोटर का पंखा, सबमर्सीबल मोटर बाहर निकालने वाली चैन कुपी, 2 लोहा पाईप बैंड, करीब 70 किलोग्राम रबड़ तांबा तार, 12 टूटे हुए स्टार्टर, 5 छोटे सिलेंडर व अन्य कृषि लोहा सामान बरामद किया गया। आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है।

अनाज मंडी में होली पर विशाल आयोजन

## पूंडरीः हर्षोल्लास से मनाया होली पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी


होली की पूजा करते हुए

पूंडरी व आसपास के गांवों में होली का पर्व बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया । पूंडरी अनाज मंडी में हर वर्ष की भांति इस बार भी युवाओं द्वारा सामूहिक रूप से चंदा एकत्रित कर होली का आयोजन किया । लकड़ियों से होली बनाई, जिसकी विधिवत पूजा-अर्चना पंडित रमेश शास्त्री द्वारा देव मंत्रों के साथ करवाई गई। दोपहर से ही बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग होली की पूजा करने के लिए मंडी पहुंचे। शाम को होली जलाई गई। माहौल भक्तिमय हो गया जब सभी ने मिलकर होली पर पुष्प अर्पित किए और सुख-समृद्धि की कामना की। सन्नी अशोक भाणा, साहिल गर्ग म्योली, गौरव गर्ग बाकल, प्रवीण गर्ग, राजेश, राजेश गोयल सहित अन्य युवाओं ने बताया कि वे हर वर्ष सभी मंडीवासियों के सहयोग से होली का भव्य आयोजन करते हैं। गांव फरल, म्योली, फतेहपुर, मोहना, रसीना, सांच, आंहुँ, हाब?ी, सिरसल, बदनारा, बरसाना, हजवाना, बाकल, पाई, भाणा, जटेडी में भी होली जलाई गई। पंडित रमेश ने कहा कि संस्कृति में हर पर्व का विशेष महत्व है, लेकिन होली का त्योहार अलग ही उल्लास, उमंग और आनंद से भरा होता है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत और आपसी भाईचारे का संदेश देता है।

*एक -दूसरे को गुलाल लगाकर दी होली पर्व की बधाई*

## डीजे की धुनों पर सभी ने जमकर ठुमके लगाए और फिल्मी गानों पर नृत्य किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल के कायल कंपलेक्स में हर साल की तरह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मीडिया कर्मियों और सिग्नस अस्पताल के डॉक्टर ने मिलकर रंगों व फूलों की होली खेली। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया और खुशियों का आदान-प्रदान किया। उजाला सिग्नस ग्रुप के वाइस प्रेसिडेंट डॉक्टर जसजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डीजे की धुनों पर सभी ने जमकर ठुमके


सिग्नस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के वाइस प्रेजीडेंट डा. जसजीत सिंह को स्मृति चिन्ह देते मीडिया कर्मी।


लगाए और फिल्मी गानों पर नृत्य किया। रंगारंग आयोजन में सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और होली के उत्सव को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का संचालन ललित दिलकश ने किया और दोपहर के स्वादिष्ट भोजन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर डॉ.जसजीत सिंह ने मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया। जिला पत्रकार संघ के प्रधान सूरज सहारन ने उजाला सिग्नस ग्रुप के वाइस प्रेसिडेंट डॉ जसजीत सिंह को समृद्धि चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही जिला पत्रकार संघ के वरिष्ठ सदस्य जयपाल रसूलपुर ने सिग्नस अस्पताल और पूरे स्टाफ को आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

## होली पर्व पर एक दूसरे को लगाया गुलाल



**राजौंद।** राजौंद में होली का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। दुकानदारों ने मिलकर जहां एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी वहीं कई दुकानदारों ने होली के पर्व पर तिलक लगाकर भी इस पर्व को मनाया। दुकानदारों ने बताया कि होली आपसी भाईचारे व प्रेम का प्रतीक है यह दिन सभी को अपने गिले शिकवे भुलाकर एक दूसरे के गले मिलकर तिलक लगाकर रंगों के इस पर्व को मनाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि फाल्गुन मास में होली का पर्व आता है इसलिए सबको फाल्गुन के महीने में आने वाली होली पर्व का बेसब्री से इंतजार रहता है। क्योंकि यह महीना मौज मस्ती का होता है रंगों का यह त्यौहार खुशी खुशी मनाते हुए सामाजिक सोहार्द का संदेश देता है।






## खबर संक्षेप



जींद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए अधिकारी।

### शिकायतों का गंभीरता से करें निपटारा : डीसी

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित निपटारा सुनिश्चित करें। शिविरों में कुल 8937 में से 7173 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है। शेष 611 लंबित शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया जारी है। डीसी ने कॉन्फ्रेंस हाल में एडीसी विवेक आर्य के साथ नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार लोगों की शिकायतों के त्वरित समाधान को जिला, उपमंडल व खंड स्तर पर निपटारा किया जाता है।

### जुलाना क्षेत्र की सड़कें होंगी 18 फीट चौड़ी : डा. तायल

**जुलाना।** जुलाना हलके के तीन संपर्क मार्ग देवरड़ से मालवी वाया कमांचखेड़ा, शामलो से रधाना, सिंध्विखेड़ा से अशरफ गढ़ वाया रधाना को जल्द 12 फूट से चौड़ा करके 18 फूट किया जाएगा। इन सड़कों को चौड़ा व करने व नवीनीकरण करने के लिए भाजपा नेत्री डा. पुष्पा तायल के द्वारा बार बार प्रयास किए जा रहे थे व उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री से लेकर कृषि मंत्री तक गुहार लगाई। जिसके परिणामस्वरूप सरकार द्वारा इन कार्यों के लिए 307.83 लाख रुपये की प्रशासनिक मंजूरी मार्केटिंग बोर्ड द्वारा जींद कार्यालय में भेजी जा चुकी है। इन कार्यों को जल्द से जल्द विभाग द्वारा टेंडर लगा कर पूर्ण करवाया जाएगा।

विद्यार्थियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर मनाया रंगों का पर्व

# होली मिलन समारोहः शिक्षा भारती स्कूल में धूमधाम से मनाया गया रंगों का त्योहार

**1** श्री श्याम बाल वाटिका के स्कूलों में रंगों के पर्व होली की रही धूम

**2** वेदांता किड्स स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाई फूलों की होली



होली पर्व मनाते हुए




- श्री श्याम बाल वाटिका समूह प्ले विंग एमण्जे हाई स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन
- वेदांता किड्स इंटरनेशनल स्कूल में अनोखे अंदाज में मनाया होली का त्यौहार
- विद्यार्थियों ने नृत्य की प्रस्तुतियों से मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में होली का त्योहार बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रांगण में आयोजित इस रंगारंग कार्यक्रम में छात्र.छात्राओं ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल के प्रधानाचार्य नवीन शर्मा ने कार्यक्रम की शुरुआत में होली के महत्व और इसके सांस्कृतिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि होली न केवल रंगों का त्योहार हैए बल्कि यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक भी है। हमारे छात्र इन मूल्यों को अपने जीवन में उतारेंए यही हमारी शिक्षा का उद्देश्य है। स्कूल प्रिंसिपल ने इस अवसर पर विद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। इसके बाद छात्रों ने होली के पारंपरिक गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। कक्षा छठी की छात्राओं ने ष्होली खेले रघुवीराष गीत पर लोक नृत्य की प्रस्तुति दीए जिसे देखकर सभी मंत्रमुग्ध हो गए।

### शिक्षकों और विद्यार्थियों ने एक साथ खेली होली

नृत्य प्रस्तुतियों के बाद विद्यालय के प्रांगण में रंगों की होली शुरू हुई। विद्यार्थियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। सभी बच्चे रंगों में सराबोर होकर खुशी से झूम उठे। कुछ बच्चों ने तो शिक्षकों को भी रंग लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। विद्यालय के डायरेक्टर वीरेंद्र बिढान ने कहा कि विद्यालय सिर्फ शिक्षा ही नहीं बल्कि संस्कृति और परंपराओं का भी संवाहक है। होली जैसे त्योहार हमें एकता और सामंजस्य का संदेश देते हैं। स्कूल प्रधान ने छात्रों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन छात्रों द्वारा होली है, गीत पर एक सामूहिक नृत्य से हुआए जिसमें सभी शिक्षक और स्टाफ सदस्य भी शामिल हुए। इस अवसर पर स्कूल के प्रांगण में सभी एकजुटता और सौहार्द का संदेश लेकर विदा हुए।

### शिक्षकों ने रंगों से दिया भाईचारे एकता और सौहार्द का संदेश

श्री श्याम बाल वाटिका समूह के प्ले विंग एमण्जे हाई स्कूल और सीनियर विंग में होली महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने रंगों के माध्यम से सौहार्द, भाईचारे और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशक कृष्ण अरोड़ा जी और प्रधानाचार्य ज्योति अरोड़ा के मार्गदर्शन में हुआ। शैफाली अरोड़ाए आलोक श्रीवास्तवए शालू अरोड़ाए रितु गर्गए प्रतिभा और अन्य शिक्षकों ने विद्यार्थियों को होली के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व को समझाया। विद्यार्थियों ने नृत्यए संगीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से इस पावन पर्व की महिमा को जीवंत किया। विद्यालय निदेशक कृष्ण अरोड़ा ने कहा कि होली केवल रंगों का नहींए बल्कि आपसी प्रेमए सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने का पर्व है। उन्होंने सभी से सद्भावना और खुशी के रंगों को हमेशा अपने जीवन का हिस्सा बनाए रखने का आह्वान किया। विद्यालय प्रबंधन ने भी सभी को होली की मंगलकामनाएं देते हुए इसे खुशियोंए सौहार्द और सकारात्मक ऊर्जा का पर्व बताया।



फिल्म देखते हुए बच्चे

### होली के रंगों से सरोबार नजर आया स्कूल परिसर

वेदांता किड्स इंटरनेशनल स्कूल बसंत विहार में आज रंगों के त्योहार होली को अनोखे अंदाज में मनाया गया। विद्यालय में छात्राओं के परीक्षा का आखिरी दिन होली उत्सव के साथ बच्चों को होली के बारे में शिक्षा दी गई कि होली का त्यौहार क्यों मनाया जाता है। स्कूल परिसर में फूलों की खुशबू और रंग बिरंगे फूलों से सराबोर हो गया जब विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक.दूसरे पर फूलों की वर्षा कर होली का आनंद लिया। इस मौके पर विद्यालय के डायरेक्टर प्रदीप नैन व प्रिंसिपल रश्मि जैन भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि होली का त्यौहार हिंदू धर्म का एक विशेष त्यौहार है इसे बहुत ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। बच्चों को अपने धर्म से संबंधित त्योहारों के बारे में शिक्षित करना विद्यालय का कर्तव्य बनता है इसीलिए विद्यालय द्वारा होली का त्यौहार फूलों के साथ मनाया गया।

### 9वीं पातशाही होला महला उत्सव धूमधाम से मनाया

**नरवाना।** हरियाणा प्रदेश गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भूपेन्द्र सिंह ने सर्वजातीय बिनैण खाप के प्रधान रघुबीर नैन व पदाधिकारियों को गुरु प्रतिमा व शाल देकर सम्मानित किया। खाप प्रधान रघुबीर नैन ने कहा की हमें बड़ी ख़ुशी है की पहली बार हरियाणा प्रदेश गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का गठन होने पर सर्वजातीय बिनैन खाप के गांव धमतान साहिब गुरुद्वारा में यह कार्यक्रम हुआ। खाप महामंत्री बलजीत फौजी, कैशियर राममेहर, प्रवक्ता संदीप, दादा बलवान, मांगेराम कन्हड़ी, बलबीर लौन, होशियार सिंह लौन, धमतान तपा प्रधान डॉ. प्रीतम, किसान यूनियन अध्यक्ष जोगेन्दर नैन, कालवन सरपंच बहादुर सिंह, विकास नैन शिशपाल गुलाढीएव खाप के दूसरे पदाधिकारी व अन्य प्रमुख व्यक्ति भी इस मौके पर मौजूद रहे।



















